जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

रासीपत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/8041/2025 दिनांकः 04 अप्रैल, 2025

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी जन्म दिवस (14 अप्रैल, 2025) के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के सफल छात्र/छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः ई–2023/32–जी0एस0/ 2025, दिनांकः 01 अप्रैल, 2025 (संलग्न) द्वारा **भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी जन्म दिवस (14 अप्रैल, 2025) के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के सफल छात्र/छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता आयोजित** कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि **दिनांकः 05 अप्रैल, 2025 से दिनांकः 08 अप्रैल, 2025** तक उपरोक्त पत्र में वर्णित **भाषण प्रतियोगिता** का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर कराना सुनिश्चित करें। भाषण हेतु विषय निम्नवत् हैः–

01. **विकसित भारत की संकल्पना।**
02. **प्रदेश के भौगोलिक एवं सामाजिक आधार पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव? लाभ, हानि व उपाय।**
03. **नये प्रौद्योगिकी युग में भारत के संविधान में सुधार किस सीमा तक?**
04. **भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, भारत का संविधान एवं अमृतकाल में विकसित भारत, सामन्जस्य का मार्ग?**

उक्त भाषण प्रतियोगता का आयोजन **विश्वविद्यालय स्तर** पर दिनांकः **09 अप्रैल, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन अवस्थित सभागार कक्ष में आयोजित किया जायेगा।

सूच्य है कि **विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित उक्त भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतिस्पर्धाओं के प्रथम विजेता द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें प्रतिभाग हेतु पंजीकरण गूगल फार्म के माध्यम से किया जाना है, जो अलग से उपलब्ध कराया जायेगा।**

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त भाषण प्रतियोगिता **के विजेताओं (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) की सूची** एवं **कार्यक्रम से सम्बन्धित जियों टैगिंग फोटो तथा वीडियों** संरक्षित रखें, जिससे भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा माँगे जाने पर सुगमता से उपलब्ध कराया जा सके।

नोटः– उक्त भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में डॉ0 अनुराधा राय, समन्वयक, मो0–9454192863 से सम्पर्क स्थापित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

डॉ0(अनुराधा राय)
समन्वयक

For कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

For कुलसचिव